सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 30 मार्च, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से गुरुवार को राजभवन में बाल कलाकार अनुराग रमोला ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें गौरैया की पेंटिंग भेंट की। यह पेंटिग उन्होंने गौरैया के संरक्षण के उद्देश्य से बनाई गई है।

अनुराग रमोला केंद्रीय विद्यालय ओएनजीसी में 12वीं कक्षा के छात्र हैं और चित्रकला के क्षेत्र में देश–विदेशों में अनेक पुरस्कार प्राप्त किये हैं। अनुराग, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार–2021 में भी पुरस्कार विजेता रहे हैं। अनुराग ने जी–20 पर आधारित है एक अन्य पेंटिंग बनाई है जिसे वह प्रधानमंत्री जी को भेंट करना चाहते हैं। इस पेंटिंग में उन्होंने भारत की जी–20 की अध्यक्षता के वैश्विक विकास के उद्देश्यों से विश्व को परिचित कराया है।

राज्यपाल ने बाल कलाकार द्वारा बनाई गयी पेंटिंग को देखकर सराहना करते हुए कहा कि वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं और अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने बेहद सुंदर कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पेंटिंग निहारते हुए कहा कि जीवन में कला की बेहद महत्वपूर्ण भूमिका है। चित्रकला मानव जीवन की महत्वपूर्ण विधा है जो अद्वितीय प्रतिभा से अपनी कल्पनाओं के ब्रश और रंगों से मूर्त रूप देकर ऐसी कला का सृजन करते हैं, जिसे देखकर मन स्वतः ही आत्मविभोर हो जाता है। उन्होंने बाल कलाकार की उपलब्धियों को सराहना की। इस अवसर पर उनके पिता श्री चौत सिंह रमोला भी उपस्थित रहे।

...........0...........